कोटद्वार, बुधवार
23 जुलाई 2025
वर्ष: 47
अंक: 84 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979 — संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मजदूर की करंट लगने से मौत

विकासनगर। विकासनगर के दिनकर विहार में बिजली की लाइन शिफ्ट करने के दौरान मजदूर की करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक बिजनौर का रहना वाला था और सोमवार को ही अपने भाई के पास काम करने विकासनगर आया था। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि शाम को लेहमन अस्पताल से फोन आया कि सांतनु पुत्र घनश्याम निवासी बसेड़ा कुंवर जिला बिजनौर की करंट लगने से मौत हो गई है। जिसके बाद तत्काल पुलिस को लेहमन अस्पताल भेजा गया। जानकारी जुटाई तो पता चला कि मंगलवार को दिनकर विहार में मृतक बिजली की लाइन शिफ्ट कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और घायल हो गया। इसके बाद ठेकेदार सुशील निवासी इटावा उप्र उसे उपजिला चिकित्साल विकासनगर ले गया। जहां हालत गंभीर होने पर लेहमन अस्पताल हायर सेंटर रेफर किया गया। ठेकेदार उसे लेहमन अस्पताल ले गया, जंहा पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल ने बताया कि मृतक का छोटा भाई राहुल साथ में काम करता है। अन्य परिजनों को सूचना दी गई है। मृतक के पांच भाई हैं। मृतक शादीशुदा है, उसके तीन बच्चे हैं।

### पैदल जा रहे व्यक्ति को वाहन चालक ने मारी टक्कर, मौत

विकासनगर। कोतवाली विकासनगर क्षेत्र के बाढ़वाला में पैदल चल रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस और स्थानीय लोग विकासनगर उपजिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक मजदूरी का कार्य करता था। डाकपत्थर चौकी इंचार्ज विवेक भंडारी ने बताया कि सुबह करीब सवा सात बजे जानकारी मिली कि बाढ़वाला शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया है। बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि भजन उर्फ भोपाल सिंह पुत्र हगाडू निवासी डुमेट यमुना पुल से आरा मशीन तिराहे की तरफ पैदल जा रहा था। इसी दौरान उसे पीछे से एक अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर से भजन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पुलिस और स्थानीय लोग उपजिला चिकित्सालय विकासनगर लाए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चौकी इंचार्ज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। मृतक मजदूरी का काम करता था। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिए सतर्क रहने की सलाह

हल्द्वानी। हल्द्वानी में मंगलवार को शहर का सामान्य बना रहा। सुबह से हल्की धूप रही वहीं दोपहर के बाद मौसम ने रूख बदलना शुरू किया। देर शाम तक आसमान में घने बादल छाने लगे। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। जिले भर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। शहर का तापमान अधिकतम 33 और न्यूनतम तापमान 25 से घटकर 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। देहरादून मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि आने वाले 24 घंटे में बारिश होने का अनुमान है।


### शिवरात्रि के लिए सजाए गए शिवालय, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

हरिद्वार। शिवरात्रि पर आज शिवालयों में भगवान शंकर का जलाभिषेक होगा। सुरक्षा के लिए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। मुख्य शिवालयों में पुलिस फोर्स के साथ–साथ पैरामिलिट्री के जवान तैनात रहेंगे। मंगलवार शाम को बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड कैंपस में चेकिंग में जुटे रहे। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोताही न बरतने के निर्देश दिए है। पंडित अमर शर्मा ने बताया कि आज शिवरात्रि के दिन जलाभिषेक सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 4.40 बजे शुरू होगी और देर रात 2.29 बजे तक रहेगा। बुधवार तड़के से ही शिवालयों में जलाभिषेक होना शुरू हो जाएगा।

## 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट :

# 12 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची महाराष्ट्र सरकार

मुंबई ,। महाराष्ट्र सरकार ने 2006 के मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने इस मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट इस महत्वपूर्ण याचिका पर 24 जुलाई को सुनवाई करेगा।



यह मामला 11 जुलाई 2006 को हुए उस काले दिन से जुड़ा है, जब मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेनों में पीक आवर के दौरान सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। इन आतंकी हमलों में 180 से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई थी और सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इन धमाकों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। मामले की लंबी जांच और सुनवाई के बाद 12 लोगों को आरोपी बनाया गया था। हालांकि, हाल ही में बॉम्बे हाई कोर्ट ने सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए सभी 12 आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया था।

महाराष्ट्र सरकार ने अपनी याचिका में हाई कोर्ट के इस फैसले को न्याय के हित में अनुचित बताया है। राज्य सरकार का तर्क है कि इस मामले में अभियोजन पक्ष ने पुख्ता सबूत पेश किए थे, लेकिन हाई कोर्ट ने उन पर उचित विचार नहीं किया। सरकार का मानना है कि हाई कोर्ट का फैसला पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ न्याय करने में विफल रहा है।

अब सभी की निगाहें 24 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया क्या रुख अपनाएगी। पीड़ितों के परिवार और पूरा देश इस मामले में अंतिम न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर, संसद भी नहीं पहुंचे; विदाई समारोह में भी नहीं होंगे शामिल

नई दिल्ली ,उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंगलवार को स्वीकार कर लिया गया है। यह आधिकारिक जानकारी आज राज्यसभा में पीठासीन अधिकारी घनश्याम तिवाड़ी ने सदन को दी। स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए सोमवार देर रात इस्तीफा देने वाले धनखड़ आज सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए। मंगलवार सुबह 11 बजे जब राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई, तो उपसभापति हरिवंश ने सदन की अध्यक्षता की। बाद में पीठासीन अधिकारी घनश्याम तिवाड़ी ने सदन को सूचित किया कि भारत की राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है। इससे पहले, यह खबर भी आई थी कि धनखड़ अपना इस्तीफा वापस लेने या किसी विदाई समारोह में शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। गौरतलब है कि देश के 14वें उपराष्ट्रपति, 74 वर्षीय जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात को अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनका कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 तक था।

# 31 जुलाई को होगी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना

**–देहरादून के सभी 6 ब्लाक की मतगणना के लिए लगाए जाएंगे 235 टेबल।**
**–प्रत्येक टेबल पर 1 पर्यवेक्षक, 4 मतगणना कार्मिक रहेंगे तैनात।**

देहरादून। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना का कार्य 31 जुलाई को संपन्न किया जाएगा। पंचायत चुनाव की मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। नोडल अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को मतगणना कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। देहरादून जनपद के सभी 06 विकास खंडों की मतगणना के लिए 235 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक सहित चार मतगणना कार्मिक तैनात रहेंगे। इस प्रकार 235 टेबल पर 1175 कार्मिक तैनात रहेंगे। विकासखंड चकराता की 137 मतदेय स्थलों की मतगणना के लिए 24, कालसी के 130 मतदेय स्थलों की मतगणना के लिए 24 और विकास नगर के 247 मतदेय स्थलों की मतगणना के लिए 60 टेबल लगाई जाएंगी। वहीं विकासखंड सहसपुर के 242 मतदेय स्थलों की मतगणना के लिए 50, रायपुर के 61 मतदेय स्थलों की मतगणना के लिए 30 और डोईवाला के 273 मतदेय स्थलों की मतगणना हेतु 47 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना के लिए पहले रेंडमाइजेशन 25 प्रतिशत रिजर्व के साथ कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन कर दिया गया है।



रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रनजीत सिंह चौहान, एडीआईओ अंकुश पांडेय आदि मौजूद थे।

# निवेश प्रस्तावों की ग्राउंडिंग की दिशा में और अधिक तेजी से कार्य करें : धामी

### सीएम ने की उद्योग विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित उद्योग विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों की ग्राउंडिंग की दिशा में और अधिक तेजी से कार्य किया जाय। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में निवेश को बढावा देने के लिए निवेशकों की सुविधाओं और सहूलियतों का पूरा ध्यान रखा जाय। मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों को राज्य में निवेश करने वाले शीर्ष पचास निवेशकों से व्यक्तिगत रूप से नियमित संपर्क बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि निवेशकों की सुविधा हेतु निवेश मित्रों की तैनाती की जाय। मुख्यमंत्री ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, उद्यम रजिस्ट्रेशन से लेकर जमीन आवंटन तक की प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा सिंगल विंडो सिस्टम को अधिक सरल बनाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम स्वरोजगार योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या में और अधिक वृद्धि की जाय। राज्य में यह योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इस योजना से अभी तक लगभग पैंतीस हजार लोग लाभान्वित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने पर्वतीय जिलों में हैंडलूम, होमस्टे और एग्रो-बेस्ड लघु उद्योगों को प्राथमिकता देने के साथ ही स्टार्टअप पॉलिसी को उद्योग विभाग के साथ जोड़कर यूथ इनक्यूबेशन सेंटर खोले जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय ने बताया कि अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर के तहत खुरपिया फार्म में 1002 एकड़ क्षेत्रफल में विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाओं से युक्त इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग कलस्टर के निर्माण की महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए एसपीवी का गठन हो चुका है।



## सिलीगुड़ी में मानव तस्करी की बड़ी साजिश नाकाम , एनजेपी स्टेशन से 56 युवतियां बरामद

सिलीगुड़ी ,उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में मानव तस्करी की एक बड़ी साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया। न्यू जलपाईगुड़ी (एनजेपी) रेलवे स्टेशन पर सोमवार रात जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में 56 युवतियों को पटना जा रही कैपिटल एक्सप्रेस ट्रेन से उतारकर बरामद किया गया। इन सभी युवतियों को कथित तौर पर आईफोन कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बहला–फुसलाकर लाया गया था। बरामद की गई युवतियाँ जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, अलीपुरद्वार और डुआर्स इलाकों की रहने वाली हैं। उन्हें पहले यह बताया गया था कि उन्हें बेंगलुरु ले जाया जाएगा, लेकिन हकीकत में उन्हें बिहार जाने वाली ट्रेन में चढ़ा दिया गया। यह विरोधाभास जांच का बड़ा कारण बना। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि 56 में से किसी भी युवती के पास यात्रा टिकट नहीं था। उनके हाथों पर केवल कोच और बर्थ नंबर की मुहर लगी हुई थी, जो अवैध तरीके से यात्रा कराने की ओर इशारा करता है।

रात करीब 9 बजे जब एनजेपी स्टेशन पर नियमित जांच अभियान चल रहा था, तभी एक ही कोच में बड़ी संख्या में युवतियों को देखकर जीआरपी और आरपीएफ की टीम को शक हुआ। पूछताछ के दौरान युवतियों के जवाबों में विरोधाभास पाए गए।

## चंदन मिश्रा हत्याकांड में बड़ा एक्शन : दो अपराधियों का पुलिस ने किया एनकाउंटर

आरा , पटना के चर्चित गैंगस्टर चंदन मिश्रा हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिहार एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार तड़के आरा के बिहियां थाना क्षेत्र में एक मुठभेड़ के बाद हत्याकांड से जुड़े तीन आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो अपराधियों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में पटना के अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में दिखे दो शूटर भी शामिल हैं। भोजपुर पुलिस के अनुसार, एसटीएफ और जिला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदन मिश्रा हत्याकांड के कुछ आरोपी बिहियां थाना क्षेत्र के कटिया रोड के पास छिपे हुए हैं। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे जब पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर उन्हें सरेंडर करने के लिए कहा, तो अपराधियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में दो अपराधियों, बलवंत कुमार सिंह और रवि रंजन कुमार सिंह, के हाथ और पैर में गोली लग गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके अलावा, एक अन्य साथी अपराधी अभिषेक कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पुष्टि की है कि घायल बलवंत और गिरफ्तार अभिषेक वही शूटर हैं जो पटना के पारस अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में चंदन मिश्रा पर गोली चलाते हुए नजर आए थे।गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, दो पिस्टल, दो मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में तीनों ने पटना के पारस अस्पताल में हुई चंदन मिश्रा की हत्या में शामिल होने की बात कबूल कर ली है।



### छात्रा आत्महत्या केस : शारदा यूनिवर्सिटी ने विभागाध्यक्ष समेत चार प्रोफेसरों को किया निलंबित

ग्रेटर नोएडा , ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा की आत्महत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए विभागाध्यक्ष समेत चार प्रोफेसरों को निलंबित कर दिया है।

साथ ही, निलंबित प्रोफेसरों को विश्वविद्यालय परिसर में आने से भी रोक दिया गया है और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इस मामले को लेकर विश्वविद्यालय में छात्रों और सामाजिक संगठनों में भारी रोष देखा जा रहा है। लगातार कई संगठनों द्वारा प्रदर्शन किए जा रहे हैं और जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासनिक जांच कमेटी के गठन की मांग की है। पुलिस प्रशासन भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रक्रिया में तेजी ला रहा है। अब तक हॉस्टल वार्डन और संबंधित विभाग के कई स्टाफ से पूछताछ की जा चुकी है। पुलिस ने छात्रा के विभाग को सील कर दिया है और स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही विभाग को दोबारा खोला जाएगा।

## मानसून सत्र का दूसरा दिन, बिहार एसआईआर मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

नई दिल्ली , मानसून सत्र के दूसरे दिन की शुरुआत निचले सदन में भारी हंगामे के साथ हुई है। प्रश्नकाल में किसानों और खेती के विषयों पर सरकार को जवाब देना था। हालांकि विपक्ष के सदस्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विषय पर चर्चा के लिए अड़ गए। परिणामस्वरूप, लोकसभा की कार्यवाही लगातार बाधित रही। संसद में विपक्ष के हंगामे के कारण मंगलवार को प्रश्नकाल नहीं चल सका। स्पीकर ओम बिरला की तरफ से विपक्ष के सदस्यों को समझाने की कोशिश की गई। हंगामा बरकरार रहने पर लोकसभा स्पीकर ने कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि, 12 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा हुआ। इस कारण सदन को दोपहर 2 बजे तक स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही स्थगित होने पर विपक्षी दलों के सदस्यों ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बैनर–पोस्टर लेकर विपक्षी दलों के सदस्य संसद परिसर के मकर द्वार पर एकजुट हुए और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एसआईआर मुद्दे पर नारेबाजी की गई।



कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, आधार कार्ड को सभी चीजों का वेरिफिकेशन करके सरकार ने बनाया था। बिहार में एसआईआर में उसी आधार कार्ड को मानने को तैयार नहीं है। क्या चुनाव आयोग तय करेगा कि हम देश के नागरिक हैं या नहीं? सांसद रेणुका चौधरी ने सवाल उठाते हुए कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में कोई विषय नहीं था। बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक है और पश्चिम बंगाल–असम के चुनाव होने हैं तो अब (आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है) दिक्कत है। लगभग 3 करोड़ मतदाताओं के वैरिफिकेशन की बात सामने आई है। ये बताएं कि चंद दिनों में कैसे वेरिफिकेशन हो सकता है। इसका मतलब है कि आपके पास पहले से लिस्ट तैयार है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर लोगों को परेशान किया गया है। सबसे ज्यादा गरीब, दलित और शोषित तबका परेशान है।

तेज:क्षमा धृति: शौचमद्रोहो नातिमानिता।
भवन्ति संपदं दैवीमभिजातस्थ भारत॥ (गीता 163)

**श्रेष्ठ पुरूषों की उस शक्ति का नाम तेज है जिसके प्रभाव से उनके सामने विषयासक्त और हीन प्रकृति वाले मनुष्य भी प्राय: अन्यायाचरण से रूककर उनके कथनानुसार श्रेष्ठ कर्मो में प्रवृत हो जाते हैं।**



प्रमुख लोकतंत्र सेनानी, गढ़वाल विश्व विद्यालय के संस्थापक, उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के अग्रणी व जयन्त संस्थापक

# नरेन्द्र उनियाल

(12 मार्च 1952–23 जुलाई 1981)

की 45वीं पुण्यतिथि पर

**श्रद्धा के साथ हम सब आपका स्मरण करते हैं और आपके द्वारा दिखाई गई राह तथा आदर्शो पर चलने का संकल्प लेते हैं।**

**समस्त जयन्त परिवार**

# सम्पादकीय

## चुनाव पर चढ़ता सुरूर

उत्तराखंड में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की तैयारी पूरी हो चुकी है तो वहीं जिला प्रशासन भी निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव संपन्न कराने को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दे रहे हैं। जनपदों से पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। पंचायत चुनाव में धनबल और शराब की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन ने भी कमर कस ली है। पिछले कुछ दिनों में पुलिस ने भारी मात्रा में कुछ स्थानों पर अवैध शराब बरामद की है जो माना जा रहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में वोटरों को लुभाने के लिए प्रयोग में ले जाए जा रही थी। किसी भी प्रकार का चुनाव हो अवैध या वैध शराब की तस्करी को रोकना पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है। तमाम प्रयासों के बावजूद खुले आम हर चुनावों में शराब परोसी जाती है जिसमें बाहरी राज्यों की शराब भारी मात्रा में खपाई जाती है। "छोटी सरकार" बनाने के इन चुनावों को लेकर भी अलग–अलग जनपदों में अवैध शराब का खेल शुरू हो चुका है जिसमें से कुछ खेप पुलिस के हाथ लग जाती है लेकिन हकीकत तो यह है कि बड़ी संख्या में पहले ही शराब को पंचायत चुनाव में खपाने के लिए गोदाम गुलज़ार किए जा चुके है। पूरे उत्तराखंड में शराब तस्कर सक्रिय है जो बाहरी राज्यों की सस्ती शराब बड़े पैमाने पर पूरे वर्ष भर सप्लाई करते हैं। गाहे बगाहे कुछ मामले पकड़े जाते हैं लेकिन असलियत यह है कि आज भी उत्तराखंड के अंदर गैर राज्यों की प्रतिबंध शराब उत्तराखंड की आबकारी नीति पर भारी पड़ रही है जो राजकोष को भी भारी नुकसान पहुंचा रही है। पुलिस की चौकसी तेज जरूर हुई है और कुछ मामले अवैध शराब के मामले पकड़े भी गए हैं लेकिन पकड़ी गई इस शराब को "ऊंट के मुंह में जीरे के समान" ही माना जा सकता है, क्योंकि उत्तराखंड में शराब का चलन कोई नई बात नहीं है। राज्य सरकार की आर्थिकी की भी आबकारी नीति पर निर्भर है तो इन परिस्थितियों में शराब के सेवन पर रोकथाम कैसे लग सकती है? उत्तराखंड की शराब यू भी पड़ोसी राज्यों की शराब की तुलना में कहीं अधिक सस्ती है जिस कारण इसकी तस्करी भी उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर की जा रही है। पंचायत चुनाव में भी उम्मीदवारों ने अपने चुनाव कार्यक्रम में शराब को खपाने का काम तो शुरू कर ही दिया है लेकिन देखना तो बस यह है कि शराब की रंगत क्या मतदाताओं को उनके पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करेगी या फिर मतदाता पूर्ण विवेक से अपने क्षेत्र के विकास के लिए योग्य प्रत्याशी का चयन करेंगे!

# श्री नरेन्द्र उनियाल तो आज भी जीवित हैं

### जयन्ती पर विशेष

समय साक्षी है कि उत्तराखण्ड के निर्भीक पत्रकार, लोकनायक, लेखनी के धनी और राष्ट्र भक्त श्री नरेन्द्र उनियाल को इस संसार से विदा हुए लगभग 43 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं लेकिन वे सूक्ष्म में यहाँ की जनता के मन और मस्तिष्क में अभी भी जीवित हैं क्योकि वे अपने जीवनक. ाल में धरातलीय जीव नहीं रहे। श्री नरेन्द्र को श्री से स्वर्गीय बनने की यात्रा मात्र उन्नतीस वर्ष की थी और इसी उन्नतीस वर्षीय जीवन यात्रा में ये इतने आदर्श स्थापित कर चुके थे, जितने आदर्श एक सामान्य व्यक्ति सौ वर्ष की आयु प्राप्त करके भी प्राप्त नहीं कर सकता है। श्री नरेन्द्र उनियाल का पदार्पण कोटद्वार में अस्सी के दशक में हुआ था। उस युग में यह नगरी पत्र–पत्रिकाओं की नगरी हुआ करती थी।

इनके यहाँ आने से पूर्व कर्मभूमि, सत्यपथ, समृद्व भारत जैसे लोकप्रिय पत्र यहाँ की संस्कृति, राजनीति और समाच. ारो को कोटद्वार से बाहर पहुँचाने के लिए कृत संकल्प थे। तब ये इतने लोकप्रिय थे कि इन समाचार पत्रों को पढ़ने के लिए कोटद्वार ही नहीं उत्तराखण्ड के कोने–कोने में बैठे पाठक भी लालायित रहते थे। उस युग में इस नगर को सम्पादकाचार्य श्री भैरव दत्त धूलिया, सत्यपथ के सम्पादक श्री ललिता प्रसाद नैथानी, वैरिस्टर मुकुन्दीलाल, श्री मधुरशास्त्री, जगमोहन सिंह नेगी, श्री बलदेव सिंह आर्य जैसे यशस्वीजनों का आशीर्वाद प्राप्त होता था। ऐसे समय में अभी–अभी अपनी शिक्षा ग्रहण करने वाले नये–नये शिक्षक बने कोटद्वार के लिए एकदम अपरचित कुंवारे नवयुवक का पत्रकारिता जगत में प्रवेश करना बड़ा आश्चर्यजनक था। उस युग में समाचार पत्रों में बड़ी प्रतिस्पर्धा थी।

इस पर इस नगर में आने वाले अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रादेशिक समाचार पत्रें का पाठकों के मन मस्तिष्क पर छा जाना भी एक बड़ी चुनौती थी, जो कि आज भी बनी हुई है। उस युग में इन पत्र–पत्रिकाओं के सम्पादक और पाठक किसी न किसी राजनैतिक पार्टी के धवजवाहक अवश्य हुआ करते थे। ऐसे में बिना किसी धरातल, विचारधारा तथा अर्थविहीनता की चुनौती को स्वीकार करने वाला वह युवक गढ़वाल की जनता को आश्चर्य चकित करने लगा, जो कि कोटद्वार नगर से ''धधकता पहाड़'' जैसे साप्ताहिक समाचार पत्र का सम्पादन और प्रकाशन कर रहा था। जिसने कि तत्कालीन भ्रष्टाचारियों की नाक में नकेल डाल दी थी। उस समय इस पत्र की भाषा, भाव और विषयों से आकर्षित होकर लोग उस युवक से परिचय बढ़ाने लगे थे। जिसका नाम श्री नरेन्द्र उनियाल था।

श्री नरेन्द्र उनियाल इस समाचार पत्र के सम्पादन और प्रकाशन के पश्चात् अब किसी से अपरचित नहीं रहे।



इनके इस नये–नये परिचय का इतना प्रभाव पड़ा कि इनका पत्र सामान्य जनता की आवाज बन गया। इसी आवाज से पहाड़ धधकने लगे, लोगों में जागृति आयी और वे अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों से परिचित हुए तथा पर्वतीय जन मानस दूर–दूर से आकर अपनी समस्याओं को इस लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ और आवाज के समक्ष रखने लगे थे। इससे ''धधकता पहाड़'' साप्ताहिक समाचार पत्र चर्चित हो गया और पर्वतीय जनपदों की जनता इसकी प्रशंसक हो गयी। इसको लोकप्रिय बनाने में श्री नरेन्द्र उनियाल का संघर्ष और शौर्य काम आये और आज जबकि यह समाचार पत्र अस्तित्व में नहीं है फिर भी वह अमर है, इसके एका एक लुप्त हो जाने के पश्चात् गढ़वाल पत्रकारिता जगत के जितने भी इतिहास लिखे गये उनके समाचार पत्र की संघर्षयात्रा और श्री नरेन्द्र उनियाल को सादर उन इतिहासों में स्थान दिया गया था। इस नाते इस इतिहास में श्री नरेन्द्र उनियाल हमारे मध्य में जीवित हैं। श्री नरेन्द्र उनियाल आज भी हमारे मध्य जीवित है। इसका प्रमाण है वर्तमान में भारत का वह राष्ट्रवाद जिसकी अवधारणा एक समय में डॉ0 हेडगेवार ने की थी जो एक लम्बी अवधि से इस देश में फल–फूल रहा है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिसका संवाहक है जिसका 'हिन्दू हिन्दी और हिन्दुस्तान' की अवधाराणा ही मूल मंत्र रहा, भगवा पताका जिसकी राष्ट्रीय पताका है स्वतन्त्रता से पूर्व मानचित्र ही जिसका मानचित्र है और जिसे विश्वास है कि भारत का वर्तमान खण्डित मानचित्र एक न एक दिन अखण्ड भारत के मानचित्र के रूप में अस्तित्व में आयेगा, जहाँ वन्देमातरम् भारत का राष्ट्रगान होगा। जहाँ की शिक्षा पूर्णत: भारत के जनमानस के अनुकूल होगी, जहाँ हर व्यक्ति चरित्रवान होगा, जिसके सनातन धर्म में वे सनातन धर्मी भी स्वीकारेगें जो आतंकवादियों के द्वारा मृत्युभय और लालच देकर विधर्मी बना दिये गये थे। ऐसे ही विचार धारा वाले संगठन के सदस्य ही नहीं परिपोषक थे श्री नरेन्द्र उनियाल। इस विचार धारा से श्री उनियाल कैसे प्रभावित हुए? सम्भवत: इसका उत्तर होगा कि श्री नरेन्द्र उनियाल ने इस राष्ट्रीय विचारधारा के साहित्य का गहनता से अध्ययन किया। संघ के संगठन को और बल प्रदान करने इसके बौद्धिक व्याख्यान सुने, संघ की शाखाओं में गये ये, उन लोगों के सम्पर्क में आये जो कि आर. एस. एस. की विचारधारा के संवाहक थे, इसीलिए ये इस विचारधारा से ओतप्रोत हुये। यद्यपि इनके सद्मित्रों में ऐसे भी लोग थे जो इनकी विचारधारा से अलग कुछ और ही सोचते थे। इनमें से अधिकतर पर गाँधीवाद, मार्क्सवाद जैसी विचार धााराओं का रंग चढ़ा था लेकिन वे श्री उनियाल को अपने पथ से भटका नहीं सके। यही नहीं इनकी इस विचारधाारा से बड़े–बड़े सरकारी अफसर और प्रशासक भी परिचित थे। इसलिए उन्होंने श्री उनियाल जी का नाम मात्र राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पंजिकाओं में ही अंकित नहीं किया था अपितु उच्चाधिकारी इनके राष्ट्रवाद के प्रेम से इतने भयभीत थे कि उन्होंने इनका नाम अपनी–अपनी डायरियों में भी नोट किया हुआ था। श्री नरेन्द्र उनियाल ने अभी अपने जीवन के पच्चीस वर्ष भी नहीं व्यतीत किये होंगे अनेक आन्तरिक कारणों से भारत में आपातकाल घोषित हो गया और लोकतन्त्र की प्रक्रिया में सारा राष्ट्र इसकी परिधि में आ गया। देश में मात्र कांग्रेसियों को छोड़कर अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को बन्दी गृहों का अतिथि बना दिया गया। मीडिया का लिखने का अधिकार छीन लिया गया। ऐसे में नरेन्द्र उनियाल जैसे राष्ट्रवादी विचारक कैसे बचते इन्हे भी इन्ही की इच्छा पर जेल भेज दिया गया। इससे इनका पत्र धधकता पहाड़ भी बन्द हो गया और बन्द हो गयी वह पर्वतवाणी जो इससे पूर्व भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठा करती थी।लगभग 19 माह तक बन्दीगृह में रहने के बाद जब ये जेल से बाहर आये तब तक ये अपना बहुत कुछ खो चुके थे। जेल निवास की अवधि में इन्होंने स्वास्थ खोया, पत्र खोया और उन हितैषियों को खो दिया जो इनकी विचारधारा के थे। जिनके हृदय में श्री नरेन्द्र उनियाल के समान ही परिस्थितियों की राख में दबी हुई राष्ट्रप्रेम की चिंगारी तब तक जीवित रही जब तक उसने उस दीपक का वरण नहीं कर लिया जो वर्तमान राष्ट्र के शीर्ष सत्ता के रूप में विश्व के अंधो मार्गों को भी प्रकाशित कर रही है श्री नरेन्द्र उनियाल हमारे मध्य में इसी विचारधारा के रूप में अभी भी जीवित हैं। श्री नरेन्द्र उनियाल अब भी जीवित है, इस जयन्त पूर्व साप्ताहिक और वर्तमान में दैनिक समाचार पत्र के रूप में जिसे हम 'धधकता पहाड़' साप्ताहिक का पुनर्जन्म और भस्मांकुर कह सकते हैं। श्री उनियाल ने इसकी परिकल्पना तब ही कर ली थी जब ये कारागार की अभेद्य दीवारों के बीच में उस विचारधारा की पराजय देख रहे थे। जो विचारधारा वर्तमान में पल्लवित और पुष्पित हो रही है लेकिन जैसे अवधारणा है कि पराजय के पश्चात् जय या विजय अवश्य होती है इसलिए तो शब्द सारथियों ने परा के पश्चात् जय शब्द को स्थान देकर परा. जितो में भी जय की सम्भावनाएं की हैं। इसी शब्द पर चिन्तन करने के पश्चात् श्री नरेन्द्र उनियाल ने अन्त में जय होगी के भाव से 'जयन्त' शब्दो को केन्द्र में रखकर जेल की दीवारों से बाहर आ 'जयन्त' समाचार पत्र का प्रकाशन किया। वर्तमान में जो उनकी यशोगाथा गा रहा है। इन्होंने अपने दैनिक जीवन में जहाँ इसी नाम से एक प्रिटिंग प्रेस की स्थापना की वही जयन्त के माधयम से ये अपनी राजनैतिक विचारधारा को परिपुष्ट तो कर ही रहे थे समाज के कुछ ज्वलन्त प्रश्नों को उठाते और उनका उत्तर भी ढूढ़ते थे लेकिन दुर्भाग्य से इनका दैनिक शरीर एक लम्बी और असाध्य व्याधि के चपेट में आकर क्षीण होने लगा था। परन्तु आत्म शरीर को प्रतिष्ठा और कीर्ति प्राप्त होने लगी। इनका दैनिक शरीर ज्यों–ज्यों क्षीण होता आत्मिक शरीर और बलवान तथा ऊर्जास्वित होने लगा था दुर्भाग्य से सांसा. रिक शरीर समाप्त होने के पश्चात् भी श्री नरेन्द्र उनियाल ने जीवन भर ऐसे ही सद्कार्य किये थे जिन्होंने इनकी ख्याति बढ़ायी थी और ख्याति कभी मरती नहीं है, मृत्यु तो मात्र मर्तिका शरीर की होती है इसीलिए तो मृतक शरीर के मिट्टी में मिल जाने की प्रक्रिया को मृत्यु कहा जाता है परन्तु कीर्तिवान व्यक्तियों की मृत्यु नहीं होती क्योंकि कीर्ति मर्तिका नहीं होती यह सतत्, सनातन शाश्वत और सार्वकालिक होती है यही कीर्ति इतिहास निर्माण की नींव है जो व्यक्ति कीर्तिवन्त होता है। इसी कृति को श्री नरेन्द्र उनियाल ने अपनी दूरदर्शिता विचार, सेवा, त्याग, सहिष्णुता और परोपकार से अर्जित की उसने इन्हे इतिहास पुरूष बना दिया ये राजनीति के भी नायक है तो पत्रकारिता के इतिहास पुरूष भी, ये अनेक आन्दोलनो के आन्दोलनकर्ता थे तो समाज सुधारक भी, इसलिए जब कभी भी उत्तराखण्ड में के इतिहासकार इन सभी विषयों का क्रमबद्ध इतिहास लिखते हैं तो उनके इतिहास में श्री नरेन्द्र उनियाल का नाम भी स्वत: स्थान पा जाता है। वर्तमान में जबकि इस इतिहास पुरूष की 73वीं जयन्ती पर इनके अनुज श्री नागेन्द्र उनियाल पूर्व की भांति इस अवसर पर 'उत्तराखण्ड: दशा और दिशा'' का आयाजन कर रहे हैं। ऐसे में उन पर केन्द्रीत इस कृति का नामकरण ऐसे शब्दों के माध्यम से किया जाना चाहिए जिसमें जीवन्तता हो और आमजन श्री नरेन्द्र उनियाल के जीवित होने का अनुभव कर सकें।

हे जीवन्त पुरूश सतत्–सतत् प्रणाम !

**– प्रोफेसर नन्दकिशोर ढौंडियाल 'अरुण' डी० लिट्०**

### स्वर्गीय नरेंद्र उनियाल को उनकी 44वीं पुण्यतिथि पर सस्मरण

## श्रद्धांजलि

कौन राष्ट्र का प्रचेता था, कौन हिमालय लाल था ।
सच पूछो तो एक अकेला, नरेंद्र उनियाल था ।।
जन्म लिया जिसने गढ़ भू में, गढ माटी में खेला था ।
जीवन जिसके लिय हमेशा, संघर्षों का मेला था ।।
शिक्षा ली जिसनें स्वदेश की, क्योंकि स्वदेशी चेला था ।
रहा भाव से दूर अभावों को, जिसने तन झेला था ।।
स्वयं बना तलवार कष्ट हित, और स्वयं में ढाल था ।
ऐसा अनुपम साहस का स्वर, नरेंद्र उनियाल था ।।
पत्रकारिता को जिसने नित, अपना इष्ट बनाया था ।
औरो से कुछ हटकर के ज्यों, नित्य विशिष्ट बनाया था ।।
छोटें बड़े सभी मानव को, ज्यों समदृष्ट बनाया था ।
पत्रकारिता जगत को जिसने, अति आकृष्ट बनाया था ।।
धधकता पहाड़ हृदय में, ऐसा बड़ा कमाल था ।
सम्पादक जयन्त पत्र का, नरेंद्र उनियाल था ।।
जिसकी आंखों में लकीर नहि, द्वेष और नहि रागभरी ।
जेल गया था गाते-गाते, ज्यों कि होलिका फाग भरी ।।
राष्ट्र हितैषी था वह ऐसा, जिसके उर में आग भरी ।
शीतलता थी उसमें इतनी, ज्यों मन गंगा झाग भरी ।।
गढ़वाली था गढ़वाली सा, और स्वयं गढ़वाल था ।
वाकूवीर लेखनी धनी वह, नरेंद्र उनियाल था ।।
सरल सहज नहि कपट केतु था, उसके मन में लहराया ।
जिसने अपने मन मन्दिर में, मात्र तिरंगा फहराया ।।
सारा जीवन शूलों में था, पर मन कुसुमों सा पाया ।
श्रद्धांजलि उस दिव्य पुरूष को जिसने नर तन था पाया ।।
तब भी अब भी पानी भरता, जिसके आगे काल था ।
सच पूछो तो ऐसा मानव, नरेंद्र उनियाल था ।।

श्रद्धावनत

-प्रो. नन्द किशोर ढौंडियाल 'अरूण' डी. लिट

## सैयारा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 2 : 100 प्रतिशत बजट वसूल!

मोहित सूरी की निर्देशित और नए कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो गई है. दिल को छू लेने वाली मार्डन लव स्टोरी और दोनों जेन–जी की केमिस्ट्री दर्शकों के दिलों को छू रही है. अपने चार्ट–टॉपिंग टाइटल ट्रैक और बॉक्स–ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत के साथ, सैयारा ने पूरे भारत में धूम मचा दी है. वीकेंड में अच्छी कमाई के साथ, इस जबरदस्त म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा ने मात्र 2 दिन में बॉक्स ऑफिस से अपना पूरा बजट वसूल कर लिया है. यशराज फिल्म्स की निर्मित, सैयारा ने अपने पहले दिन कई रिकॉर्ड तोड़ दिए. सैकनिल्क के अनुसार, 21 करोड़ रुपये (नेट) की शानदार पहले दिन की कमाई के साथ, सैयारा बॉलीवुड में 2025 की चौथी सबसे बड़ी ओपनर बन गई है. इसने, रेड 2 (19.25 करोड़ रुपये), स्काई फोर्स (12.25 करोड़ रुपये, सितारे जमीन पर (10.6 करोड़ रुपये) जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. इतना ही नहीं, सैयारा अब बॉलीवुड में किसी भी नए कलाकार की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म होने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी है. शानदार ओपनिंग के बाद फिल्म ने दूसरे दिन भी दर्शकों को सिनेमाघरों में आने के लिए मजबूर कर लिया है. पॉजिटिव माउथ पब्लिसिटी के कारण दर्शकों की भारी संख्या फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों में पहुंच रही है. यहीं, कारण है कि फिल्म ने दूसरे दिन ओपनिंग डे की अपेक्षा ज्यादा कमाई की है.



## भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर खड़ा हुआ नया विवाद

नईदिल्ली,वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल 2025) का दूसरा सीजन शुरू होते ही विवादों में घिर गया. 18 जुलाई को पाकिस्तान चैंपियंस और इंग्लैंड चैंपियंस के मैच के साथ टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ. लेकिन 20 जुलाई को इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के मैच को रद्द कर दिया गया, क्योंकि शिखर धवन समेत कुछ भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया था. जिसके कुछ घंटों बाद डब्ल्यूसीएल के आयोजको ने मैच रद्द कर दिया और भारतीय खिलाड़ियों को अनजाने में असुविधा पहुंचाने के लिए माफी भी मांगी. उस हाई–वोल्टेज मैच को रद्द करने के बाद अब एक नया विवाद दोनों टीमों के बीच पॉइंट्स को लेकर खड़ा हो गया है. पाकिस्तान चैंपियंस ने इंडिया चैंपियंस के साथ अंक शेयर करने से इनकार कर दिया है. उनका कहना है कि हमने मैच खेलने से इनकार नहीं किया था, इसलिए हम पूरे 2 अंक के हकदार है. रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूसीएल ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड को भारत पाकिस्तान मैच रद्द होने का कारण बताया और साथ में ये भी बताया कि पाकिस्तानी टीम भारत के साथ अंक शेयर करने से नाखुश थी. जिसके लिए पाकिस्तानी चैंपियन टीम ने तर्क दिया कि उन्हें पूरे अंक दिए जाने चाहिए, क्योंकि भारत ने मैच से अपना नाम वापस ले लिया था.डब्ल्यूसीएल सूत्रों ने बताया, ' डब्ल्यूसीएल ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड को बता दिया है कि आयोजक होने के नाते, वे इस मैच का आयोजन नहीं कर कर पाए. इंडियन चैंपियंस टीम की इसमें कोई गलती नहीं है, लेकिन पाकिस्तान चैंपियंस पॉइंट्स शेयर करने को तैयार नहीं है क्योंकि उनका कहना है कि भारत ने मैच से पीछे हटने का फैसला किया है, न कि उन्होंने.'अब देखना ये है कि क्या दोनों टीमों में रद्द हुए मैच का अंक शेयर होता है की नहीं.

और सबसे बड़ा सवाल ये भी है कि अगर दोनों टीमें सेमीफाइनल और फाइनल में आमने सामने आती हैं तो फिर उस मैच का क्या होगा. जिसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है, लेकिन ये कंफर्म है कि भारत इस सीजन पाकिस्तान से कोई भी मैच नहीं खेलने वाला है.



## रसा का ट्रेलर रिलीज, रहस्यों से भरपूर है शिशिर शर्मा की कलिनरी–सुपरनैचुरल ड्रामा



राजी, उरी और दंगल में अपने अभिनय के लिए मशहूर दिग्गज अभिनेता शिशिर शर्मा ने अपनी आगामी फिल्म रसा का ट्रेलर जारी कर दिया है. ट्रेलर रहस्यों से भरपूर है. यह फिल्म इसी महीने 25 तारीख को रिलीज होगी. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर रसा का ट्रेलर शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, पाककला से भरपूर ड्रामा रसा का ट्रेलर अभी रिलीज कर दिया है. राजी, उरी और दंगल में अपने अभिनय के लिए मशहूर दिग्गज अभिनेता शिशिर शर्मा ने अपनी आगामी फिल्म रसा का ट्रेलर जारी कर दिया है. अंगीथ जयराज और प्रीतिश जयराज द्वारा निर्देशित और रुतुजा पाटिल द्वारा लिखित, रसा में ऋषि बिस्सा, विशिष्ट चावला और राजीव कुमार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. तरण आदर्श ने आगे लिखा है, इस फिल्म का निर्माण अंगीथ जयराज, प्रीतिश जयराज और रुतुजा पाटिल ने पूर्णम फिल्म्स और इंडियन समर फिल्म्स के बैनर तले, हारून राशिद फिल्म्स और विद्या एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया है.

## हंटर 2 का दमदार ट्रेलर जारी, जैकी श्रॉफ से भिड़ते नजर आए सुनील शेट्टी

बॉलीवुड के दो दमदार सितारे सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ अब एक वेब सीरीज में एक दूसरे से दो–दो हाथ करने के लिए तैयार हैं। सीरीज हंटर 2 में दोनों के बीच दुश्मनी देखने को मिलने वाली है। सीरीज का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है जिसमें भरपूर एक्शन देखने को मिल रहा है। इस सीजन की कहानी एक ऐसे सीनियर पुलिस अफसर विक्रम के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी अचानक तब बदल जाती है जब उसकी बेटी पूजा को अपराधी 'द सेल्समैनझ् किडनैप कर लेता है। ट्रेलर से साफ है कि इस बार केवल गोलियों और घूंसे की गूंज नहीं है, बल्कि एक पिता की इमोशनल साइड भी दिखाई गई है, क्योंकि उसी की बेटी के साथ अपराध हुआ है। विक्रम ने अपनी पत्नी से वादा किया है कि वो उनकी बेटी को जिंदा वापस लेकर आएगा। ये देखना होगा कि क्या वो सच में ऐसा कर पाता है क्योंकि ट्रेलर के आखिर में दिखा है कि उसे गोली लग जाती है।

## इंग्लैंड बनाम भारत : चौथे टेस्ट मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और जरुरी आंकड़े

नईदिल्ली, इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली मेहमान टीम हर हाल में इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बराबरी करने का प्रयास करेगी। एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का प्रभावशाली प्रदर्शन रहा है और ऐसे में टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी। आइए पहले मुकाबले की ड्रीम इलेवन और जरूरी बातें जानते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 1932 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अब तक 139 मुकाबले खेले गए हैं। 36 मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत और 53 में हार मिली है। 50 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों ने 70 मैच खेले गए हैं। 10 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 38 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। जसप्रीत बुमराह भी इस मुकाबले में खेलते हुए नजर आएंगे। मोहम्मद सिराज ने ये जानकारी दी थी। वहीं, ऐसी उम्मीद है कि अंशुल कंबोज को टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है और आकाश दीप को आराम दिया जा सकता है। ऋषभ पंत बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज खेल सकते हैं।



संभावित टीमः यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट की अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। लॉर्ड्स टेस्ट में खेलने वाले शोएब बशीर चोट के चलते पहले ही बची हुई सीरीज से बाहर हुए हैं। उनकी जगह पर डॉसन खेलते दिखेंगे। बाकी इंग्लिश टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंग्लिश टीमः जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

## एक नजर

### पंचायत चुनाव : मतदाता को मिलेगें मत पत्र

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष कराने को लेकर प्रेक्षागृह पौड़ी में रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ), अस्सिटेंट रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) और खंड विकास अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी ने बताया कि मतदान अधिकारी को ग्राम पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान के लिए दो प्रकार के मतपत्र जारी करने होंगे। सफेद रंग का मतपत्र ग्राम पंचायत सदस्य के लिये और हरे रंग का मतपत्र ग्राम प्रधान के लिए निर्धारित है। वहीं क्षेत्र पंचायत के लिये नीला व जिला पंचायत के लिये गुलाबी रंग मतपत्र होगा। अधिकारी के पास चारों पदों हेतु मतपत्रों के अलग-अलग बंडल होंगे। कहा कि द्वितीय मतदान अधिकारी ग्राम प्रधान व ग्राम सदस्य व तृतीय मतदान अधिकारी जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत के मतपत्र मतदाताओं को देंगे। प्रशिक्षण के दौरान निविदत्त मतपत्र (टेंडर्ड बैलेट) से जुड़ी प्रक्रिया की भी जानकारी दी गयी। ऐसी स्थिति में जब कोई व्यक्ति मतदान के लिए आता है और उसी नाम से पहले कोई वोट डाल चुका होता है, तो उसे निविदत्त मतपत्र दिया जाएगा। इस विशेष मतपत्र पर पीठासीन अधिकारी अपने हस्ताक्षर के साथ निविदत्त मतपत्र लिखेगा और मतदाता द्वारा मतदान के बाद इसे निर्धारित लिफाफे में अलग से सुरक्षित रखा जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य डायट स्वराज सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता के एस नेगी, जिल समाज कल्याण अधिकारी रोहित सिंह, खंड विकास अधिकारी रवि सैनी, दृष्टि आनंद, सौरभ हांडा आदि मौजूद रहे।

### बांध में मिला व्यक्ति का शव

श्रीनगर गढ़वाल : चौकी चौरास क्षेत्र अंतर्गत जल विद्युत परियोजना के अलकनंदा नदी पर बने बांध के चैनल नंबर 3 में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना पर आपदा जल पुलिस टीम की मदद से शव को बांध से बाहर निकाला गया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए शव को श्रीकोट स्थित बेस अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि शव के हुलिए के अनुसार मृतक की उम्र करीब 40 से 42 वर्ष के करीब है। बताया कि मृतक के दाहिने हाथ की कलाई पर ॐ त्रिशूल का टैटू बना हुआ है। मृतक ने काले रंग का लोवर पहना था जिस पर राकेट लिखा हुआ है। लोवर की जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ है, जिसमें नाम दिनेश मुसाहर निवासी खेरिया श्रीपुर कथा मारी, पश्चिम बंगाल लिखा है। पुलिस ने आसपास के थानों व चौकियों को शव की सूचना भेज दी है। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। (एजेंसी)

### प्रभावितों ने की अन्यत्र विस्थापित किये जाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के डडुवा-सिमली-मयाली पाटाखाल मोटर मार्ग (1.875) किमी. के तहत मयाली तोक के समीप गौंली ग्राम सभा के अंतर्गत अनु. जाति बस्ती के आवासीय भवनों को पुस्ता धंसने से खतरा पैदा हो गया है।

आवासीय भवनों के ठीक ऊपर सड़क पर बना करीब 25 मीटर लंबा पुस्ता सोमवार सुबह हुई तेज बारिश से खिसक गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# सैन्य सम्मान के साथ राइफलमैन लोकेंद्र प्रताप को दी अंतिम विदाई

### कोटद्वार के कौड़िया स्थित गब्बर सिंह कैंप में हार्ट अटैक से हुई थी मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार के गब्बर सिंह आर्मी कैंप कौड़िया में हार्ट अटैक से मौत हुई राइफलमैन लोकेंद्र प्रताप का अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह किया गया। इस दौरान श्रीनगर अलकेश्वर घाट में सैनिक को अंतिम विदाई देने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सैन्य सम्मान के साथ सैनिक को अंतिम विदाई दी गई।



सैनिक लोकेंद्र प्रताप को अंतिम विदाई देते सैना के अधिकारी व अन्य

पौड़ी जिले की तहसील श्रीनगर के गांव कटाखोली, पट्टी चलणस्यूं निवासी लोकेंद्र प्रताप (26) गढ़वाल राइफल्स की 21वीं बटालियन में आठ वर्ष पहले भर्ती हुए थे। इस समय वे जम्मू-कश्मीर में तैनात थे और एक हफ्ते पहले प्रशिक्षण के लिए गब्बर सिंह आर्मी कैंप कौड़िया आए हुए थे। रविवार रात वह भोजन कर सोए, सोमवार सुबह जब वे नहीं उठे तो साथी सैनिक कैंप में पहुंचे। वहां वह अचेत अवस्था में मिले। उन्हें तुरंत बेस अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। मौत की सूचना मिलने पर माता-पिता, भाई-भाभी आदि परिजन आर्मी कैंप पहुंचे। उन्होंने बताया कि रात में लोकेंद्र की परिवार से फोन पर बातचीत हुई थी। आठ जून को ही उनकी शादी हुई थी।

### कोटद्वार में पीजीआई खोलने और श्रीनगर तक ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के सर्वे की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार में पीआईजी खोलने सहित विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने प्रधानमंत्री सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों को ज्ञापन भेजा। कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चहिए। मंगलवार को प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को उपजिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किए गए। प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में समिति ने कोटद्वार से श्रीनगर तक ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के सर्वे की मांग करते हुए कहा है कि इससे कोटद्वार को चार धाम यात्रा से जोड़ा जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में समिति ने कोटद्वार में अर्द्धसैनिक बल ट्रेनिंग सेंटर की मांग करते हुए कहा है कि सेंटर युवाओं को सेना के लिए तैयार करने के लिए बेहतर माध्यम साबित होगा। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में समिति ने कोटद्वार में पीजीआई खोलने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत, देवेंद्र सिंह रावत, गोपाल सिंह नेगी, ठाकुर सिंह, चंदन सिंह, अनसूया प्रसाद सेमवाल, जीत सिंह भंडारी और ताजबर सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

### प्रशासन से मिला आश्वासन, खत्म हुआ अनशन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कार्बेट रिसोर्ट के संचालन को लेकर चल रहा नागरिक मंच का क्रमिक अनशन मंगलवार को समाप्त हो गया। प्रशासन ने मंच को कार्बेट रिसोर्ट की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया है।

मालूम हो कि, पिछले कुछ दिनों से मंच के सदस्य कार्बेट रिसोर्ट के संचालन को लेकर धरने पर डटे हुए थे। लोगों का कहना था कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी वर्षों से कार्बेट रिसोर्ट बंद पड़ा हुआ है। जिससे इसका भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। मंगलवार को प्रकाश कोठारी, राकेश लखेड़ा, आरपी पंत, प्रवेश नवानी, गोंविंद डंडरियाल, रमेश नैथानी, इंद्रमणि देवरानी क्रमिक धरने पर बैठे। मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी ने कहा कि मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी ने नार्थ कार्बेट रिसोर्ट परिसर का निरीक्षण किया था। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने रिसोर्ट में पर्यटन की उम्मीदों को लेकर जिलाधिकारी को भेजी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी की इस रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने रिसोर्ट खुलवाने के संबंध में उचित आश्वासन दिया। मंच के महासचिव अतुल भट्ट ने बताया कि जिलाधिकारी से मिले आश्वासन के बाद मंच ने क्रमिक अनशन समाप्त कर दिया।

### निबंध प्रतियोगिता में अध्य खंतवाल व कला में आराधना रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जानकी नगर स्थित हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर में भी हरेला सप्ताह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करते हुए उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अध्य खंतवाल, कला प्रतियोगिता में आराधना अग्रवाल व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में ऋषभ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने विद्यार्थियों को हरेला पर्व के महत्व के बारे में बताया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए। केवल पौधा रोपण ही नहीं लगाए गए पौधों के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इस मौके पर शिक्षक अंचल कुमार, मनोज जोशी, प्रयाग दत्त चमोली, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, अंजू चमोला आदि मौजूद रहे।

## पंकज कुमार छात्र व कृतिका बनीं छात्रा प्रतिनिधि



श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में शपथ लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : देवी रोड स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। परिषद में पंकज कुमार को छात्र व कृतिका को छात्रा प्रतिनिधि चुना गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आयोजित कार्यक्रम में पंकज कुमार को छात्र प्रतिनिधि, कृतिका डोबरियाल को छात्रा प्रतिनिधि, अवनीश पांडेय को छात्र उपप्रतिनिधि, नंदिनी को छात्रा उप प्रतिनिधि, अमित सिंह रावत को विद्यालय अनुशासन समिति प्रमुख छात्र और आकृति को विद्यालय अनुशासन प्रमुख छात्रा चुना गया। विद्यालय प्रधानाचार्य डी.पी जोशी एवं उप प्रधानाचार्या तुनका राय द्वारा चयनित परिषद पदाधिकारियों को सेशे व बैज पहनाकर अलंकृत किया गया। तत्पश्चात पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलवायी गई।

प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल, संगीत एवं कला आदि गतिविधियां भी शिक्षा एक अंग है, जिससे हमारा शारीरिक व मानसिक विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता श्रीमती रमा हिन्दवान एवं श्रीमती श्वेता नेगी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

### छात्रों को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभाव बताएं

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त संवेदीकरण जागरुकता गतिविधि के तहत मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय पौड़ी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय मुख स्वास्थ कार्यक्रम से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान ओरल हेल्थ कार्यक्रम के तहत 423 छात्रों की डेंटल हाइजीन एवं ओरल स्क्रीनिंग की गई।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में डा. आशीष गुसाईं ने बताया कि वर्तमान समय में युवाओं में नशीली दवाओं का चलन गंभीर सामाजिक एवं मानसिक समस्या बन गया है। कई बार जिज्ञासा एवं गलत संगति के चलते युवा नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, जिससे उनके व्यवहार स्वास्थ्य एवं सामाजिक जीवन पर विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि नशे की लत से व्यक्ति धीरे-धीरे आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर बढ़ सकता है। जागरूकता गतिविधि में 266 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनीता बिष्ट, डा. शशांक उनियाल, श्वेता गुसांई, मनमोहन देवली, अरुण, वीरेंद्र सिंह नेगी, दिनेश कुमार आदि शामिल रहे।

## विद्यार्थियों ने शिविर में सीखे संस्कृत बोलने के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : परमार्थ वैदिक गुरुकुल, कण्वाश्रम में आयोजित दस दिवसीय सरल संस्कृत सम्भाषण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया है। छात्रों को सरल पद्धति से संस्कृत सिखाने के उद्देश्य से यह शिविर संस्कृत भारती एवं परमार्थ वैदिक गुरुकुल कण्वाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में कण्वाश्रम में ही आयोजित किया गया।

समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेनि. प्रधानाचार्य डा. रमाकान्त कुकरेती ने कहा कि किताबों से हमें सालभर के पाठ्यक्रम को पढ़कर सीखना होता है, लेकिन संस्कृत भारती के शिविरों में हम मात्र दस दिन में दो घण्टा यानि बीस घण्टे में संस्कृत सीख सकते हैं। अम्बेश पंत ने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम संस्कृत को समाज तक पहुंचाये। वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत ही संस्कृति की मूल है।


आयोजित संस्कृत शिविर में भाग लेते विद्यार्थी

कण्वाश्रम की संस्कृति विश्वविख्यात रही है यह खुशी की बात है कि आज भी कण्वाश्रम में संस्कृत जीवित है। मुख्य अतिथि मनमोहन काला ने कहा कि संस्कृत भारती दुनिया भर में 10 दिवसीय संस्कृत संवाद शिविर आयोजित करती है, जिससे इस भाषा को प्रारंभिक स्तर के लोगों के लिए सरल बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त संस्कृत भारती की ओर से शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, गीता शिक्षण केंद्र, बच्चों के लिए बालकेंद्र और संभाषण संदेश पत्रिका का प्रकाशन भी करती है। कार्यक्रम में शिक्षक कुलदीप मैंदोला, गुरूकुल प्रधानाचार्य मनमोहन नौटियाल, योग शिक्षक राकेश कंडवाल, सिद्धार्थ नैथानी, प्रशांत जोशी, श्वेता रावत, सुदीप थपलियाल सहित गुरुकुल के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### निकाय अफसर निर्धारित लक्षयों को समय से पूरा करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने मंगलवार को निकायों की समीक्षा करते हुए नगर विकास, स्वच्छता, आवास और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। डीएम ने निकाय अधिकारियों को स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए हर दिन मॉनटिरंग करने निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना के लंबित आवेदनों को लेकर रिपोर्ट मांगी। साथ ही सीएम घोषणाओं के तहत जो काम पूरे हो गए है उसकी भी रिपोर्ट देने को कहा। पौड़ी में निकाय अफसरों की बैठक लेते हुए डीएम ने नगर आयुक्त श्रीनगर को प्रस्तावित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण शुरू करते हुए हर हाल में नवंबर तक पूरा करने को कहा। नदियों के किनारे कूड़े की स्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि यहां कचरा नहीं दिखाई देना चाहिए। सड़क किनारे प्लास्टिक कचरे का निस्तारण कॉम्पैक्टर मशीनों से करने व नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा।










## चित्रकला प्रतियोगिता में काम्या व अपर्णा रही अव्वल


आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : हरेला पर्व पर रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के बाल वर्ग में काम्या, किशोर वर्ग में अपर्णा व तरूण वर्ग में तनुजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, उपप्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, प्रबंधक राजेंद्र जखमोला ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिताओं के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के बाल वर्ग में काम्या प्रथम, ऐंजल द्वितीय, सुबोध तृतीय रहे।

किशोर वर्ग में अपर्णा प्रथम, अनन्या ध्यानी द्वितीय व अभिनव नेगी तृतीय रहे। तरूण वर्ग में तनुजा रावत प्रथम, जीतू द्वितीय व प्रीसा अग्रवाल तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता के बाल वर्ग में प्रियांशी प्रथम, पालक कनेरिया द्वितीय व धनिष्ठा तृतीय रही। किशोर वर्ग में विभूति प्रथम, हिमांशु पोखरियाल द्वितीय, आस्था प्रजापति तृतीय रहे। तरूण वर्ग में अभिषेक आदर्श प्रथम, तनुजा रावत द्वितीय, दीप्ति शर्मा तृतीय रहे।

भाषण प्रतियोगिता के बाल वर्ग में आदित्य बेलवाल प्रथम, धनिष्ठा द्वितीय श्रेया रावत तृतीय रहे। किशोर वर्ग में केशव प्रथम, शिवम द्वितीय तनवी तृतीय रहे। तरूण वर्ग में अभिषेक प्रथम, आलोक द्वितीय तनुजा तृतीय रहे। प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुनी आरओ और एआरओ की समस्याएं

पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आरओ और एआरओ की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अफसरों को समस्याएं हल करने को कहा। उन्होंने सभी आरओ (रिटर्निंग ऑफिसर) व खंड विकास अधिकारियों को चुनाव में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन संभावित बारिश को देखते हुए सभी पोलिंग बूथों पर शेड, वाटप्रूफ तिरपाल आदि की व्यवस्था कर ली जाए।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में भूलवंश मयंक उप्रेती दर्ज है, जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही वह वास्तविक नाम ईशान उप्रेती है ! अतः मेरे पुत्र को उसके सही नाम ईशान उप्रेती के नाम से ही जाना व पहचाना जाए ।

**विनोद उप्रेती, पुत्र हरिदत्त उप्रेती, पता वार्ड नं 18 शिवपुर सुखरो , कोटद्वार तहसील कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड**









## संक्षिप्त समाचार

### मतदान दिवस पर रहेगा सवेतन अवकाश

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान के दिन (24 जुलाई) सवेतन अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने इस बाबत आदेश जारी किया है।

जनपद में 24 जुलाई प्रथम चरण में मतदान होना है। इस अवसर पर जनपद के तीनों विकास खंडों के अंतर्गत आने वाले समस्त निर्वाचन क्षेत्रों में निवास करने वाले सभी राजकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, अर्द्ध निकाय/वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कार्मिकों, कारीगरों, मजूदरों हेतु मतदान दिवस (बृहस्पतिवार) को सवेतन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र में पड़ने वाले कोषागार व उपकोषागार भी बंद रहेंगे।

### चुनाव के बीच मासिक परीक्षा में दी कुछ रियायत

देहरादून। पंचायत चुनाव के बीच सरकारी स्कूलों में 11वीं की मासिक परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग को कुछ राहत दी है। इस सत्र की पहली मासिक परीक्षा 29 और 30 जुलाई को होनी है। शिक्षक संघों ने इस पर एतराज जताया था। उनका कहना है कि अधिकांश शिक्षक पंचायत चुनाव की ड्यूटी में है, कई शिक्षक तो ड्यूटी से परीक्षा तिथि तक लौट भी नहीं पाएंगे। इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए शिक्षा विभाग के प्रभारी अपर निदेशक पदमेंद्र सकलानी ने कहा कि अगर किसी स्कूल में पंचायत चुनाव की वजह से तय तिथि पर परीक्षा नहीं हो पाती है तो ऐसे स्कूलों में शिक्षक अपने स्तर पर खुद तिथि तय करते हुए अगले कार्यदिवस पर परीक्षा को करवा सकते हैं। इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही अगर किसी स्कूल में तय तिथि पर एक भी शिक्षक उपस्थित है तो वह भी परीक्षा को करवा सकते हैं।

### प्रभात डिमरी बने सदस्य तकनीकी विद्युत नियामक आयोग

देहरादून। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के सदस्य तकनीकी पद पर प्रभात किशोर डिमरी का चयन हो गया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम की ओर से मंगलवार को नियुक्ति आदेश जारी किए गए। प्रभात किशोर डिमरी अभी तक उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग में ही निदेशक तकनीकी का पदभार संभाले हुए थे। सदस्य तकनीकी एमएल प्रसाद के विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष बनने के बाद से सदस्य तकनीकी का पद खाली चल रहा था। 18 जुलाई को चयन समिति की बैठक हुई। चयन समिति की बैठक होने के बाद शेष औपचारिकताओं को पूरा करते हुए मंगलवार को नियुक्ति आदेश जारी हुए। अब राजभवन से सदस्य तकनीकी के पद पर शपथ कराए जाने के आदेश होने के बाद डिमरी विधिवत सदस्य तकनीकी का पद आयोग में संभालेंगे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में निःशुल्क कोचिंग क्लासेस शुरू

### ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने किया एनडीए/आरआईएमसी/आरएमएस/सैनिक स्कूल की कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ



जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन : गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर लैंसडौन के द्वारा आर्मी पब्लिक स्कूल में मंगलवार से एन.एन.डी.ए/आर. आई.एम.सी/ आर. एम. एस/ सैनिक स्कूल की कक्षाओं में प्रवेश हेतु निःशुल्क कोचिंग क्लासेस की सुविधा प्रारम्भ की गई है।

विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, वीएसएम, कमांडेंट, जीआरआरसी ने कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ किया। यह सुविधा लैंसडौन शहर में पहली बार विद्यार्थियों को दी जा रही है। इसमें लैंसडौन क्षेत्र के कोई भी आकांक्षी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। यह कक्षाएं रोजाना सुबह 1 घंटे 8 से 9 बजे स्कूल में और शाम 4:30 से 5:30 बजे जीआरआर लाइब्रेरी में चलेगी। इससे पहले स्कूल के अध्यापकों को देहरादून के विभिन्न डिफेंस एकेडमी में अभिविन्यास के लिए भी भेजा गया था। चेयरमैन ने कहा कि सैन्य क्षेत्र में इस प्रकार की कोचिंग कक्षाओं की सुविधाएं होना अति आवश्यक है, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को भारतीय सशस्त्र सेनाओं में ऑफिसर पदों पर कार्य करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इस संबंध में जो भी अन्य सुविधाओं की जरूरत होगी, जीआरआरसी करने को तैयार है। उन्होंने अभिभावकों से इस मुहिम का हिस्सा बनने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेन्द्र दत्त सुंद्रियाल ने कहा कि लैंसडौन शहर के लिए यह गौरव का विषय है। इस प्रकार की कोचिंग कक्षाएं यहां विद्यार्थियों को प्राप्त हो रही हैं, जिससे उनके सपनों को उड़ान मिले और भारतीय सेनाओं में जाने का उचित व सर्वोत्तम अवसर मिलेगा।



## चिन्हित उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों के चयन की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : नयार घाटी चिन्हित उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी समिति के पदाधिकारियों जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया से चिन्हित उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों के चयन की मांग की। इस संबंध में पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिलाधिकारी पौड़ी ने कहा कि अभी शासन स्तर पर रोक लगी है और जैसे ही शासन से कोई गाइड लाइन आएगी उसका पालन किया जाएगा। इस मौके पर नयार घाटी सतपुली के अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा, चिन्हित उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी समिति देहरादून के अध्यक्ष विशंभर दत्त बौठियाल, थामेश्वर प्रसाद कुकरेती, होशियार सिंह बिष्ट, जगदीश बिष्ट, रत्नमणि भट्ट, दीपक शर्मा, विनोद धस्माना आदि मौजूद थे।

# तीनों ब्लॉकों के दूरस्थ पोलिंग बूथों हेतु 67 मतदान पार्टियों को किया रवाना

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के अंतर्गत आज जनपद रुद्रप्रयाग के तीनों विकासखण्डों के दूरस्थ पोलिंग बूथों हेतु मतदान पार्टियों को रवाना किया गया।मंगलवार को 67 मतदान पार्टियों को ससमय उनके संबंधित मतदान स्थलों के लिए रवाना किया गया, जिसमें से अगस्त्यमुनि से 20, जखोली से 42 तथा ऊखीमठ से 5 पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिन्हें मतपेटी सहित मतदान से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री यथा-मतदाता सूची, सीलिंग सामग्री, बैलेट पेपर, स्टेशनरी किट आदि प्रदान की गई। सभी मतदान पार्टियों द्वारा अपने-अपने दस्तावेजों का विधिवत सत्यापित कर गंतव्य की ओर प्रस्थान किया गया। मतदान कार्मिकों की सुविधा, सुरक्षा और समयबद्ध गंतव्य पर पहुंच सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं।




# नंदा देवी राजजात यात्रा के लिए विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें : डीएम

### पेयजल और आधारभूत सुविधाओं का प्रस्ताव जल्द भेजें अधिकारी




जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : आगामी नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय में जल संस्थान, पेयजल निगम के अधिकारियों द्वारा कराये जा रहे कार्यों के प्रस्तावों की समीक्षा बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने निर्देश दिए, ताकि कार्यों में ओवरलैप न हो। उन्होंने कहा कि पिछली नंदा देवी यात्रा के अनुभवों और चुनौतियों के आधार पर इस बार के कार्यों की योजना बनाई जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग में आवश्यक पेयजल सुविधाओं को लेकर विभाग एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि आंगणन प्रस्ताव जल्द प्रस्तुत किये जाए, जिससे शासन स्तर पर अनुमोदन एवं बजट स्वीकृति की प्रक्रिया में विलंब ना हो। उन्होंने सहायक अभियंताओं को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकताओं के अनुरूप प्रस्ताव तैयार किए जा सकें। इसके साथ ही, वाण से आगे निर्जन पड़ावों में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए वन प्रभाग के एसडीओ को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग यात्रा को सफल बनाने के लिए समयबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें, ताकि यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी, सहायक अभियंता दिनेश चंद्र पुरोहित, सहायक अभियंता राजमोहन लाल गुप्ता, सहायक अभियंता कैलाश चंद्र नौटियाल, एसडीओ विकास दरमोड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए 89 पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

### चमोली के ज्योर्तिमठ, नारायणबगड़, थराली और देवाल ब्लॉक में 24 को होगा मतदान



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 24 जुलाई को होने वाले प्रथम चरण के मतदान की प्रक्रिया के तहत मंगलवार को ज्योर्तिमठ, नारायणबगड़, थराली और देवाल ब्लॉकों से 89 पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। जबकि शेष 164 पोलिंग पार्टिया बुधवार को मतदेय स्थलों के लिए रवाना होंगी।

चमोली जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए 24 जुलाई को कुल 258 मतदेय स्थलों पर मतदान किया जाएगा। जनपद में सुचारु और निर्बाध चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। जिसके तहत मंगलवार को ज्योर्तिमठ, नारायणबगड़, थराली और देवाल ब्लॉकों के 89 मतदेय केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां ब्लॉक मुख्यालयों से रवाना हो गई हैं। जनपद में बारिश और आपदा की स्थिति को देखते हुए सभी पोलिंग पार्टियों के साथ एसडीआरएफ के जवानों की भी तैनाती की गई है। जिले में द्वितीय चरण का मतदान 28 जुलाई को होगा। जिसके लिए 26 और 27 जुलाई को पोलिंग पार्टियां विकास खण्ड मुख्यालयों से रवाना होंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान प्रक्रिया को सुचारू और निर्बाध रूप से पूर्ण करवाने की सभी तैयारियां कर ली गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 जुलाई को जनपद में होने वाले मतदान के लिए मंगलवार को 89 पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थलों के लिए रवाना कर दिया गया है। वहीं 164 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा।

### कांवड़िया बनकर वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

टिहरी : नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने कांवड़िया बनकर वाहन चुराने वाले शातिर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी भी बरामद की गई है। थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि 21 जुलाई को आगर गांव निवासी दिनेश ने तहरीर दी कि उसकी स्कूटी अज्ञात ने चोरी कर ली गई है। मुकदमा दर्ज करने के बाद एसआई आमिर खान को इसकी जांच सौंपी गई। बताया कि थाना क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की घटना के दृष्टिगत एसएसपी आयुष अग्रवाल ने घटना के शीघ्र अनावरण और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास आने जाने वाले मार्गों पर लगे लगभग सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके अलावा लगातार क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। मंगलवार को पुलिस ने शत्रुघ्न वर्मा पुत्र करमवीर वर्मा निवासी मकान नंबर 113 चंदकी वाली गली नंबरदार ग्राम पल्ला दिल्ली को गिरफ्तार किया। उसने पूछताछ में बताया कि वह 15 जुलाई को साथियों के साथ गंगोत्री जल लेने गया था। लेकिन उसे नशे की लत है। बार-बार भांग व चरस का नशा करता है। जिससे वह अपने साथियों से अलग हो गया।

# जिले के आठ ब्लॉकों में पंचायत चुनाव का थमा शोर

### आज होगी पोलिंग पार्टियां रवाना, कल होगा मतदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के आठ ब्लाकों में मंगलवार को पंचायत चुनाव का शोर थम गया। पौड़ी जिले के खिर्सू, पाबौ, एकेश्वर, थलीसैंण, बीरोंखाल, पोखड़ा, नैनीडांडा और रिखणीखाल ब्लाकों में गुरुवार को मतदान होगा। गुरुवार को आठ ब्लाकों में आने वाले ग्राम प्रधान की 509, क्षेत्र पंचायत की 195 सीटों के साथ ही जिला पंचायत सदस्य की 22 सीटों के लिए मतदान होगा।

मतदान के लिए संबंधित ब्लाक मुख्यालयों से बुधवार को पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएगी। गुरुवार को होने वाले मतदान को लेकर आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत प्रशासन ने अपनी तैयारी की है। मंगलवार को ही पंचायत चुनावों में तैनात कार्मिकों का संबंधित ब्लाक मुख्यालयों में जाना भी शुरू हो गया। वहीं पंचायत चुनावों के प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन मंगलवार को प्रत्याशियों ने कोई कोर कसर नहीं रखी। विभिन्न सीटों पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने गांव-गांव जाकर मंगलवार को भी पूरे दिन प्रचार-प्रसार किया। जिला पंचायत सदस्य की 22 सीटों पर ही अकेले 82 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। सीडीओ पौड़ी गिरीश गुणवंत ने बताया कि पहले चरण के लिए चुनाव-प्रचार शाम 5 बजे थम गया है। बुधवार को आठ ब्लाकों में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए पोलिंग पार्टियों को संबंधित ब्लाक मुख्यालयों से ही मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

### साइबर ठगी से बचने को जागरूकता जरूरी : मिश्रा

देहरादून। प्रेस क्लब में एक निजी कंपनी की ओर से साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड नामक एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें साइबर ठगी के जोखिमों और इससे बचाव की जानकारी विशेषज्ञों ने साझा की। डिप्टी एसपी साइबर क्राइम अंकुश मिश्रा ने उत्तराखंड में बढ़ते साइबर अपराध पर प्रकाश डाला। कहा कि उत्तराखंड में एक साल में साइबर धोखाधड़ी की 26 हजार शिकायतें आई हैं, इनमें 167 करोड़ का नुकसान हुआ है। कहा कि ठगी से बचने को लोगों में जागरूकता बेहद जरूरी है। कहा कि राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज करा सकते हैं। धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल सहायता के लिए 100 या 112 भी डायल कर सकते हैं। डिजिटल धोखाधड़ी जैसे यूपीआई घोटाले, कार्ड धोखाधड़ी, ओटीपी-आधारित धोखाधड़ी आदि के बारे में लोगों को कई महत्वपूर्ण बातें बताई।

**उत्तर रेलवे**

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग के कार्य हेतु ई-बोलियाँ दिनांक 06.08.2025 को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2217/25

### जंगली जानवरों के आतंक से किसान परेशान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सीकू में जंगलों जानवरों के आतंक से किसान परेशान है। सीकू में रिवर्स पलायन कर कृषि बागवानी के क्षेत्र में काम कर रहे सीआरपीएफ से इंस्पेक्टर पद से रिटायर ग्रामीण ने प्रशासन से जल्द ही मुआवजे के साथ ही जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है। बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से पलायन का एक मुख्य कारण जंगली जानवर फसलों को नुकसान पहुंचाना है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से ठोस रणनीति बनाते हुए जंगली जानवरों से बचाव के लिए उपाय करने की मांग उठाई है। जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए सीकू के किसान योगेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि साल 2002 में हुए सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त होकर उन्होंने अपने गांव में रहकर कृषि बागवानी के क्षेत्र में फल उत्पादन की राह चुनी। उनके द्वारा गांव में करीब 300 से अधिक सेब, आडू, नाशपाती, किवी, माल्टा, अखरोट, बादाम और संतरे आदि के पौधे लगाए गए। बताया कि बंदर व सूअर उनके पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीते 2 साल पहले भी जंगली जानवरों द्वारा उनके सेब व आडू के पेड़ को नुकसान पहुंचाया गया था। इससे पूर्व भी उन्होंने प्रशासन से जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगाई गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर उन्होंने जंगली जानवरों से पेड़ों की सुरक्षा के लिए जाल लगाए। उन्होंने प्रशासन से उन्हें उचित मुआवजा दिलवाए जाने के साथ ही उन्हें फलों की खेती को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग किए जाने की मांग की है।

# सड़क निर्माण कार्यों में नवीन तकनीक का उपयोग करें : धामी




जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिस्पना और बिंदाल नदी पर चार लेन एलिवेटेड रोड़ निर्माण परियोजना की सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाई जाए। आशारोड़ी से मोहकमपुर तक देहरादून रिंग रोड/बाईपास एवं यूटिलिटी डक्ट पॉलिसी पर भी तेजी से कार्य किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में नवीन तकनीक का उपयोग किया जाए। जिन पुलों की स्थिति खराब हो रही है, उनके पुनर्निर्माण और मरम्मत के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित और टिकाऊ सड़कों के निर्माण के लिए जियोसिंथेटिक रिटेनिंग वॉल जैसी तकनीक का उपयोग किया जाए। सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान लगातार चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। केदारखंड और मानसखंड की आपसी कनेक्टिविटी बेहतर बनाने के लिए तेजी से कार्य किए जाएं। देहरादून से हल्द्वानी, दिल्ली से हल्द्वानी और अन्य प्रमुख शहरों के लिए सड़क कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाने के लिए बेहतर कार्य योजना बनाई जाए। मसूरी और देहरादून के बीच यातायात के दबाव को कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों पर तेजी से कार्य किया जाए। सड़कों के डामरीकरण के कार्यों में तेजी लाई जाए। सचिव, लोक निर्माण विभाग, डॉ. पंकज पाण्डेय ने जानकारी दी कि रिस्पना नदी पर 11 किलोमीटर और बिंदाल नदी पर 15 किलोमीटर लंबे चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य के प्रथम चरण की स्वीकृति के अंतर्गत फिजिबिलिटी स्टडी व हाइड्रोलॉजिकल स्टडी हो चुकी है। प्रस्तावित भू-अधिग्रहण प्लान के अनुसार मौके पर चिन्हीकरण की कार्यवाही गतिमान है। देहरादून रिंग रोड के संरेखण को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 114-DRM-MB-25-26 Date 21.07.2025 | 115-DRM-MB-25-26 Date 21.07.2025 | 116-DRM-MB-25-26 Date 21.07.2025 | 117-DRM-MB-25-26 Date 21.07.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair of staff quarter with provision of standard kitchen, bathroom, toilet, plastering, flooring, doors, windows, repair work and other misc. work in the section of SSE/W/HRI UNDER ADEN/I/HRI | Heavy Repair of Merger Road, Colony Road in ON-BLM, BLM-SPC, RAC-SPC Section in the Jurisdiction of ADEN-II-HRI | Heavy Repair of Gang Tool Room cum Rest Room in the Section of ADEN-II-HRI | Heavy Repair of Halt Station in ON-BLM & BLM-SPC Section in the Section of SSE/W/BLM under ADEN/II/HRI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 14.08.2025 16:00 | 14.08.2025 16:00 | 14.08.2025 16:00 | 14.08.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,09,97,415.35 | 64,95,068.43 | 59,94,825.03 | 69,98,339.48 |
| धरोहर राशि | 2,05,000.00 | 1,29,900.00 | 1,19,900.00 | 1,40,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 31.07.2025 | 31.07.2025 | 31.07.2025 | 31.07.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह | 06 माह | 06 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 21.07.2025 2208/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना को शीघ्र शुरू करें : धामी

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में की परिवहन विभाग की समीक्षा



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन (ई-वी) चार्जिंग अवसंरचना स्थापना कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा है। सीएम ने कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों पर ग्रीन सेस लागू करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा निर्माणाधीन बस अड्डों के कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाय।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस अड्डों, पार्किंग स्थलों, राजकीय भवनों एवं गेस्ट हाउस, पेट्रोल पंपो के समीप चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जाए, ताकि वाहन चालकों को सहजता से चार्जिंग की सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन निगम की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक परिवहन निगम श्रीमती रीना जोशी ने जानकारी दी कि देहरादून और हरिद्वार में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना शुरू की जाएगी। जिसके तहत 150 इलेक्ट्रिक वाहन संचालित किए जाएंगे। योजना का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सुगम, सुलभ एवं पर्यावरण अनुकूल यातायात सुविधा प्रदान करना है।

योजना से लगभग 750 रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने एवं वायु प्रदूषण में कमी लाने के उद्देश्य से ई-वी चार्जिंग अवसंरचना के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत में 28 स्थलों पर ई-वी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की गई है। बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर.मीनाक्षी सुंदरम एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**जयन्त**

संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com